	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	भाद्र 24, सोमवार, *शाके* 1947- सितम्बर 15, 2025 Bhadra 24, Monday, Saka 1947- September 15, 2025	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/18341 :- राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर बालोतरा द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका सिवाना हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

नगर पालिका सिवाना का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025

वार्ड न.	सीमा विवरण	जनसंख्या
1	आम्बनाथ के मकान से दक्षिण पूर्व की ओर चल कर मोतीकिशन के मकान से पूर्व की ओर चलते हुए देवासियों के मोहल्ले की ओर चलते हुए रामदेवजी के मंदिर से फोजाराम जी के घर से होते हुए हरदेवा राम खटीक के घर से चलते हुए राउप्रावि सं0 1 से CBEO ऑफिस से होते हुए उत्तर की ओर बालोतरा रोड के दक्षिण क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए पश्चिम की ओर चलते हुए पादरडी रोड पर आम्बनाथ के मकान तक का क्षेत्र।	1023

2	रोशनजी कम्पाउडर के मकान से पश्चिम की ओर चलते हुए जालम सिंह एवं देवीसिंह के मकान को सम्मिलित करते हुए पारसमल राठोड के मकान से होते हुए रामदेवजी मंदिर के पास से दर्जीयों के घरों को सम्मिलित करते हुए भायलो के वास को सम्मिलित करते हुए एवं श्री अमरगुरु मंछाराम जी की जन्म स्थली को सम्मिलित करते हुए जैन न्याती भवन, जैन मंदिर, हनुमान जी का मंदिर दक्षिण की ओर चलते हुए मिठौडा का वास, उम्मेदपुरा, कुंडल की वास से पूर्व में चलते हुए बालोतरा रोड से उत्तर की ओर चलते हुए रोशनजी कम्पाउडर के मकान तक का क्षेत्र।	1028
3	उत्तर में जवेरीलाल जीनगर के मकान से पश्चिम दिशा की गली से होते हुए आदर्श स्कूल की पीछे वाली गली को सम्मिलित करते हुए तथा जवेरीलाल जीनगर के मकान के आगे से होकर आदर्श स्कूल से होते हुए जीनगरों का वास की दोनों गलियों एवं पहाड वाली गली एवं मोयलो की वास को सम्मिलित करते हुए राउप्रावि जीनगरों का वास में नैनमल जैन के घर को सम्मिलित करते हुए नीचे उतरते हुए धुकाराम सुथार के मकान एवं शनिचर मंदिर के आगे से होकर होली थान से नीचे उतरते हुए कोर्ट के सामने मदनलाल बक्शीराम के घर से पुनमचन्द रामदेव के घर से गोल चबूतरा तक एवं कोर्ट परिसर, तहसील कार्यालय, pwd रेस्ट हाउस, दादा अन्जनेश्वर बालाजी मंदिर से होते हुए जीवराजजी वर्मा की गली एवं सामने वाली सेला की वास में सुथारों के घरों को सम्मिलित करते हुए आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के आगे से निकल कर जवेरीलाल जीनगर के सामने वाले मकान तक।	1022
4	शांन्तिलाल जैन के मकान से दक्षिण दिशा में जंगलात चौकी की गलियों को सम्मिलित करते हुए एस एम जैन के बंगले से नीचे उतरते हुए प्रेम नगर की गली संख्या 01, 02, 03 को सम्मिलित करते हुए गांधी चौक से होकर उपर की ओर कुण्डल की वास, तीन निम्बडी की गली, मिठौडा का वास एवं सेला की वास दोनो गलियों का सम्मिलित करते हुए बालिका स्कूल के आगे से होकर पुनः शांतिलाल जैन के घर तक का क्षैत्र।	938
5	मदनलाल सुथार के मकान से आगे सुथारों की वास से होते हुए होली चौक से होते हुए मेहता स्ट्रीट होते हुए दक्षिण पश्चिम दिशा में आगे बढते हुए मामाजी की गली खेजड़ी की वास को सम्मिलित करते हुए नीचे पूर्व की ओर बाफना की वास प्रधानसा वाली गली और चौमुख मंदिर की गली तक का सम्मिलित क्षेत्र।	955
6	भाटियों का वास जयन्तीलाल सोनी के मकान से पानीबाई का मकान तक, चारभुजा मंदिर से रतनजी के मकान तक भंवरलालजी श्रीमाली से नाईयों के मकान तक, शान्तिलाल सोनी के मकान से गोविन्दजी संत का मकान हनुमान चबूतरा व किले से असलम के मकान तक, सुखदेवजी सेवक के मकान से भरतजी सेवक का मकान, कन्हैयालालजी सेवक के मकान से गौतमजी सेवक चामुण्डा माताजी मंदिर तक, कैलाश के मकान से गोविन्दजी सोनी से लक्ष्मीजी	1040

	मंदिर तक का क्षेत्र।	
7	श्री समाधि मंदिर व श्री श्री 1008 श्री नृत्यगोपालरामजी महाराज से उत्तर की ओर होते हुए पूर्व की तरफ महावीर मार्ग से धारीवाल छात्रावास के पूर्व की तरफ मोकलसर रोड सम्मिलित करते हुए दक्षिण की तरफ से वापस पंचायत समिति की कॉलोनी, राजीव गांधी सेवा केन्द्र को सम्मिलित करते हुए पश्चिम दिशा की ओर सिटी स्कूल के पास से आगे उत्तर की तरफ घोयों की वास व नयापुरा, नयाकुआं दक्षिण की और से वापस उत्तर दिशा की ओर आमलखाता की वास से वापस उत्तर दिशा, भीखजी ललवानी की वास से वापस उत्तर की ओर, सुभाष गली से वापस दक्षिण की तरफ, मेली की वास से उत्तर की तरफ, राखी वाली वास से दक्षिण की तरफ, चौधरियों की वास से उत्तर की तरफ, झुंगों की वास से दक्षिण की ओर, ललवानियों की वास से वापस उत्तर पश्चिम की ओर श्री समाधि मंदिर तक का क्षेत्र।	1021
8	तिरूपति गार्डन से दक्षिण में भेराराम मेघवाल के मकान से आगे बढने पर सोमानी हॉस्पिटल से आगे बढने पर कोने पर दलाराम मेघवाल के घर तक एवं पारसमल मेघवाल के घर से पूर्व में आगे बढने पर कोने पर मीठालाल सरगरा के मकान से होते हुए उत्तर दिशा में आगे बढने पर जवेरीलाल के मकान से आगे बढने पर उत्तर दिशा में अंतिम गणेशाराम के मकान तक का क्षेत्र।	995
9	श्री समाधि मंदिर से दक्षिण दिशा की तरफ राधेश्यामजी के मकान के कोने पर फरसरामजी के मकान से पश्चिम में बद्रीनाथ के घर तक, गौर का चौक, सुरेश सोनी के मकान से दक्षिण में आगे कोने पर जनकराज सोनी के मकान के पश्चिम में भवरू खां के मकान से होते हुए दक्षिण में हनुमानाराम के मकान तक, रामलाल मेघवाल के मकान से पूर्व दिशा से आगे बढने पर किराणा की दुकान से दक्षिण में बाबूलाल सरगरा से रिजवेश के मकान से होते हुए भट्टाराम भील व जैसाराम भील के घर तक खालसों का वास, रसूल खां के मकान से दक्षिण में जीवन खान के मकान से होते हुए सकाराम सरगरा की आटा चक्की से उत्तर में नाथू खान के मकान तक पादरू रोड, सदीक खां मोयला से उत्तर में ललवानियों का वास व श्रीमालियों की बगीची से पश्चिम में नाईयों का वास से होते हुए उत्तर में गौर का चौक तक होते हुए वापस श्री समाधि मंदिर का क्षेत्र।	1052

10	गंगादास के मकान से दक्षिण मे भवानी सिंह भायल के मकान से दक्षिण में आगे बढने पर डूंगरसिंह के मकान से होते हुए गाडोलिया लोहारों के मकान से होते हुए उकाराम मेघवाल के घर की गली को सम्मिलित करते हुए जोगाराम माली के मकान से पूर्व दिशा में पादरू रोड होते हुए कोने पर पोलाराम मेघवाल के घर से उत्तर दिशा में आगे बढने पर खालसों का वास आंगनवाडी से होते हुए कोने पर दलपत मेघवाल के घर से होते हुए उत्तर दिशा में मामाजी का थान से पश्चिम दिशा में पुनः गंगादास के मकान तक का क्षेत्र।	1026
11	गोविन्दसिहजी के मकान के शुरू होकर पश्चिम की ओर चलते हुए दीपसिंह के मकान से पश्चिम की ओर चलते हुए इमामखांजी के मकान से उत्तर की ओर चलते हुए अर्जुन देवासी के मकान से मांगीलाल घांची के मकान से दक्षिण की ओर चलते हुए विजय सिंह सोड़ के मकान से उत्तर की ओर चलते हुए स्वरूपसिंह के मकान से पूर्व की ओर नीम्बसिंह के मकान से उत्तर की ओर गोविन्दसिंहजी के मकान का क्षेत्र।	1011
12	पुरोहितों का वास नं0 1 की उत्तर दिशा की ओर मतदाता बादरजी/वसनाजी पुरोहित से शुरू होकर पश्चिम में पुखराज/सांवलजी से होकर जबराराम/मानजी से होते हुए दक्षिण से होकर मडी से दक्षिण की ओर राजेन्द्र/छोगजी से होकर आगे की ओर का क्षेत्र, मेघवालों की वास के दक्षिण दिशा में हीराराम/राणाराम स्कूल के पास पादरू रोड पूर्व की ओर दलाराम/केशाराम से आगे की ओर तथा सरगरों का वास पूर्व की ओर वरदाराम के घर से होकर उत्तर की ओर अचलसिंह/धनजी के घर तक, सरगरों का वास से आगे उत्तर की ओर, पीजारों का वास के नरपतखां/बरगदखान के उत्तर से होकर आगे पूर्व की ओर उसबदास/मंछाराम से होकर दक्षिण दिशा में रमेश खां/इब्राहिम खां तक तथा पींजारों की वास से होकर पुरोहितों की वास तक सीमांकन समाप्ति तक का क्षेत्र।	1024
13	पश्चिम से दक्षिण पादरू रोड से चलकर पीपलून गांव की सीमा से होते हुए दक्षिण की तरफ गोलिया गांव की सीमा होते हुए पीपलून रोड होते हुए पादरू रोड का दक्षिण भाग लेते हुए वापिस पश्चिम दिशा की ओर चलकर अशोक बंजारा के घर से आगे श्री मंछगुरू गौशाला तक का क्षेत्र।	1005
14	पादरू रोड से दक्षिण की तरफ पीपलून रोड से चलकर शुक्लेश्वर रोड़ पर गांव की सीमा से होते हुए दक्षिण से पूर्व की ओर उमसर की सरहद क्षेत्र पर पुरोहितों का बेरा से होते हुए श्री श्री 1008 श्री नृत्यगोपालरामजी महाराज के खेत को सम्मिलित करते हुए मेला की वास का पश्चिम भाग लेते हुए सुन्दर चौराहा से पीपलून रोड तक का क्षेत्र।	905

15	राव कल्लाजी चौक मोकलसर रोड से उपजिला अस्पताल की चार दिवारी के सहारे सहारे सिपावटो का बेरा, नवोड़ा बेरा, कोलाजी का बेरा, सांयों का बेरा, भायलों का बेरा को सम्मिलित करते हुए राजस्व गाँव उमसर की सीमा के सहारे सहारे नवोड़ा बेरा, भाटियों का बेरा, काबातर बेरा, संदेडा बेरा, टबाराम की ढाणी को सम्मिलित करते हुए मवडी सरहद क्षेत्र से मोकलसर रोड से होते हुए राव कल्लाजी चौक तक का क्षेत्र	1017
16	मुस्लिम चौराया नवाब खां के घर से हाफिज खां के घर तक, नवाब खां अध्यापक के घर से रमेश सरगरा के घर तक साथ दीवाली व पारस हरिजन के घर तक गोविन्द की दुकान तक, सिकन्दर खां की गली - मोहम्मद ताहिर पत्रकार, पंक्चर वाला से गफार खां का घर व समझाई नाथजी के मंदिर तक, मदरसा व ईदगाह कॉलोनी एवं नाडी के आसपास के घर समझाई नाथजी रोड, बलवन्तसिंह के घर राजपूत व पुरोहित होस्टल व उपजिला अस्पताल परिसर तक का क्षेत्र।	923
17	बालाजी मंदिर से बाबा रामदेव मंदिर मोकलसर रोड होते हुए आशापुरा माताजी मंदिर से पहले की कॉलोनियों (अमरतिया बेरा) को सम्मिलित करते हुए उत्तर की तरफ रामसिंहजी (मिठाई वाले) के घर से होते हुए पादरू की वास का प्रथम आबादी क्षेत्र बाबूखां के मकान को सम्मिलित करते हुए पश्चिम की तरफ रायचन्द उषाबेन के घर से होते हुए सत्कार कॉम्प्लेक्स को सम्मिलित करते हुए बालाजी मंदिर तक का क्षेत्र।	1019
18	मोकलसर रोड पर नागणेची मेडिकल से नब्बू खां की ढाणी को सम्मिलित करते हुए हुंडिया कृषि फार्म को जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ के पादरू की वास के आबादी क्षेत्र के ब्लॉक को सम्मिलित करते हुए भीलो के घरों से होते हुए मंगलाजी कुम्हार के घर से होते हुए शांतिदेवी पूर्व संरपंच के घर के पास से होते हुए पश्चिम की तरफ बालोतरा रोड पर राणमल के घर को सम्मिलित करते हुए सब्जी मंडी नागणेची मेडिकल तक का क्षेत्र।	1007
19	मंछापूर्ण बालाजी मंदिर से भगजी के घर से होते हुए पादरू की वास में पूर्व की तरफ शांतिदेवी पूर्व सरपंच के घर को सम्मिलित करते हुए निम्बली बेरा को सम्मिलित करते हुए डायाराम/हकमाजी माली के घर से आचार्य के जाव को सम्मिलित करते हुए चौधरियों के घरों को सम्मिलित करते हुए महावीर नगर को सम्मिलित करते हुए महादेव कॉम्प्लेक्स को छोडते हुए पोस्ट ऑफिस सिवाना से होते हुए बालोतरा रोड पर मंछापूर्ण बालाजी मंदिर तक का क्षेत्र।	904

20	बालोतरा रोड पर चुंगी नाका से होते हुए LIC ऑफिस से श्री महादेवजी के मंदिर से महादेव कॉम्प्लेक्स को सम्मिलित करते हुए ताराराम घांची, मूलाराम घांची के मकान एवं रावणा राजपूतों के घरों को सम्मिलित करते हुए आंगन बाड़ी केंद्र, राणाराम घांची का घर, गणपत सिंह सिणेर का मकान, नरपत सिंह देवड़ा के मकान को सम्मिलित करते हुए देवन्दी रोड पर गवारियों के घरों को सम्मिलित करते हुए (रामदेवजी मंदिर के पीछे भीलो की वास, अरट का जाव सम्पूर्ण, घांची न्याति भवन की गली, सुनारों तथा सुथारों की वास) बालोतरा रोड अरठ का जाव से चुंगी नाका तक का क्षेत्र	923
21	श्री आशापुरा माताजी मंदिर से मोकलसर की तरफ सेवारनी बेरा व टिपाला बेरा से नेमाजी का बेरा, दाता का बेरा, नरपत कृषि फार्म खिंचियो का बेरा, गाय का थान से मवडी राजस्व ग्राम की सीमा के सहारे-सहारे मगरा भोमजी बेरा, हिंगोंटा बेरा, बोंगिया बेरा, पुनमजी का बेरा, सुथारों का बेरा, छत्तरसिंह का बेरा होते हुए बगतावरजी सुथार एवं देवन्दी गांव की सीमा से देवन्दी रोड के सहारे सहारे,अरट का जाव के पास होते हुए निम्बली बेरा को छोड़ते हुए पादरू की वास के सहारे सहारे होते हुए हुंडिया कृषि फार्म से श्री आशापुरा माताजी मंदिर तक का क्षेत्र।	880
22	कृषि मण्डी देवन्दी रोड से होते हुए पाबूनाडा को सम्मिलित करते वाडिया बेरा, भायलो का बेरा होते हुए बरडिया मगरा दन्ताला की रोड के सहारे-सहारे दन्ताला सीमा एवं खानुराम देवासी की ढाणी होते हुए भाखर राम देवासी की ढाणी से होते हुए अमराराम देवासी की ढाणी से होते हुए रूगाराम देवासी की ढाणी से होते हुए वागाराम देवासी की ढाणी को सम्मिलित करते हुए खाखरलाई सीमा से समदडी रोड पर हरिराम जी माली के बेरे को सम्मिलित करते हुए गुरु देव नगर, महादेव कॉलोनी, थानाराम भील, गणेशा राम प्रजापत और गडुका राम भील की गली को सम्मिलित करते हुए कृषि मण्डी तक का क्षेत्र।	891
23	समाज कल्याण छात्रावास से आरंभ होते हुए देवंदी रोड के कृषि मंडी के पास हनीफ खां के मकान से होते हुए खेताराम माली के मकान से होते हुए रामा राम देवासी की चक्की से होते हुए अजय सेन के प्लाट से होते हुए मेलाराम भील का घर, फोजाराम का घर, जबरसिंह भोपाजी के प्लाट से होते हुए केसाराम भील, तेजाराम भील, हुक्माराम बुल्ला के घरों को सम्मिलित करते हुए हरजी माली के बेरे के पास से गुजरते हुए महिला कॉलेज को सम्मिलित करते हुए समदडी रोड पर पुलिस थाना, सिंचाई विभाग, बिजली घर, वन विभाग से होते हुए समाज कल्याण छात्रावास तक का क्षेत्र।	917

24	दक्षिण पश्चिम दिशा में भगवानजी के बेरे पर जसराज सुथार के घर से आइटीआई कॉलेज होते हुए जज साहब के आवास से होते हुए उत्तर दिशा में मेली रोड के राईकों की ढाणी, भंडारियों का बेरा एवं कोजसिंह के बेरे को सम्मिलित करते हुए खाखरलाई सरहद के पास से होते हुए परिहारों के बेरे से होते हुए कुसीप सरहद के गोगावाडी भील बस्ती से गुजरते हुए राईको की ढाणी से होते हुए ताराजी सुथार के बेरे से होते हुए पुनः जसराजजी सुथार के पास तक का क्षेत्र।	965
25	दक्षिण पूर्व दिशा से अम्बेडकर सर्कल से जीव दया गौशाला होते हुए एसडीएम आफिस के पास से होते हुए प्रताप कॉलोनी दानाराम बागरी के घर से होते हुए मेलाराम मेघवाल के बेरे को शामिल करते हुए मोतीसिंह जी के बेरे से बालोतरा रोड के बोम्बे गार्डन होटल होते हुए पादरडी सरहद से पुनः नट कॉलोनी से होते हुए अम्बेडकर सर्कल तक का क्षेत्र।	896

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।